पड़ोसियों ने धारदार हथियार से महिला पर किया जानलेवा हमला, सिर पर लगे 6 टांके

एसपी को दी शिकायत, थाने की पुलिस ने अब तक बयान नहीं लिया

मंडला, देशबन्धु। बम्हनी बंजर थाना क्षेत्र के ग्राम ग्वारा में पड़ोसी परिवार के सदस्यों द्वारा एक महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने की घटना ने इलाके में चर्चा छेड़ दी है। पीड़ित उमा रजक के सिर पर गंभीर चोट आई है।

घटना के छह दिन बाद भी संबंधित थाने की पुलिस द्वारा पीड़िता का बयान न लिए जाने और कथित रूप से नाबालिग आरोपी के खिलाफ एफआईआर न करने की सलाह दिए जाने से पीड़ित परिवार आक्रोशित और भयभीत है।

घटना 13 सितंबर को दोपहर करीब एक बजे की बताई जा रही है। उस समय पीड़िता का पति घर पर मौजूद नहीं था। हमले के बाद 112 की मदद से घायल महिला को सबसे पहले बम्हनी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उनके सिर पर छह टांके लगाए गए। घर लौटने पर पीड़िता के पति पर भी आरोपियों द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के लगभग छह दिन बाद पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचा और लिखित शिकायत दी।

लगाए गंभीर आरोप-

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी परिवार अवैध शराब का विक्रय करता है। घटना के बाद भी वे गाली-गलौज और धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि संबंधित थाने की पुलिस ने अभी तक पीड़िता का बयान भी दर्ज नहीं किया है।

एक पुलिसकर्मी द्वारा यह कहा जाना बताया जा रहा है कि नाबालिग आरोपी के खिलाफ एफआईआर न की जाए। पुलिस के इस रवैये से पीड़ित परिवार भयभीत है और न्याय की मांग कर रहा है।

नैनपुर में युवक-युवती पर बिजली के तार से करंट लगाने का मामला, 1 मृत, तीन गिरफ्तार

मंडला, देशबन्धु। नैनपुर थाना क्षेत्र में युवक-युवती के साथ मारपीट कर विद्युत करंट लगाने और युवक की इलाज के दौरान मौत के गंभीर मामले का पुलिस ने त्वरित खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी राजेश रघुवंशी के निर्देशन में थाना नैनपुर और चौकी पिण्डरई की टीम ने कार्रवाई की। पीड़िता बिन्दो बाई कुलस्ते (19), निवासी ग्राम खिरसारू, चौकी पिण्डरई के बयान और विवेचना में सामने आए तथ्यों के अनुसार घटना कुछ इस प्रकार हुई। बिन्दो बाई और अभिषेक धुर्वे (19), पिता रज्जन सिंह धुर्वे, निवासी ग्राम टाला (जिला सिवनी) आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी बात पर आपत्ति जताते हुए आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट की। जान से मारने की नीयत से दोनों को विद्युत तार से बांधकर करंट लगाया और मृत समझकर खेत में छोड़ दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल अभिषेक को नागपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्राप्त तथ्यों और पीड़िता के कथनों के आधार पर थाना नैनपुर में धारा 103(1), 109(1), 115(2) तथा 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्य और पूछताछ के आधार पर आरोपियों ने अपराध में संलिप्तता स्वीकार की। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अपराध में प्रयुक्त लकड़ी का गेड़ा और विद्युत तार जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में आरोपी चमरालाल उर्फ भूरा मरावी (56), लालसिंह उर्फ नरबद मरावी (27) और सुशील कुमार उर्फ शुक्लू मरावी (30) शामिल हैं। तीनों ही ग्राम खिरसारू के निवासी हैं।

नवाखवाई पर्व मण्डला के आदिवासी अंचल में नई फसल का सम्मान

मण्डला, देशबन्धु। जिला मुख्यालय सहित आदिवासी बाहुल्य मवई, बिछिया, निवास, नारायणगंज और मोहगांव के गांवों में शुक्रवार को नवाखवाई पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। गोंड-बैगा जनजाति सहित आदिवासी क्षेत्रों में यह त्योहार नई फसल को पहले प्रकृति और पूर्वजों को अर्पित करने के साथ अन्न के सम्मान और सामुदायिक एकता का संदेश लेकर आता है।

इस दिन परिवार के मुखिया उपवास रखते हैं। रसोई में रोज के भोजन के अलावा खीर, पूरियां और विशेष पकवान तैयार किए जाते हैं। घर के बीच बड़े हाल में लगभग तीन फिट लंबा और दो फिट चौड़ा स्थान छुई मिट्टी से लीपा जाता है। खेत की मेड़ पर लगे साजा के पेड़ से पत्तियां, धान के खेत से धान की बालियां, फूल, मौसमी फल, नारियल और कलश लेकर पूजा की थाल सजाई जाती है।

साजा के पत्तों की नौ पत्तलें बनाकर उनमें सभी प्रकार के भोज्य पदार्थ परोसे जाते हैं, जिनमें नई फसल के धान के दाने भी डाले जाते हैं। इन पत्तलों को पूजा स्थान पर कतार में रखा जाता है और प्रत्येक में दो-दो धान की बालियां रखी जाती हैं। पूजा स्थान पर कंडे की आग में घी, गुड़, लोबान, गेहूं के आटे और नई धान की बालियों के दानों का हवन किया जाता है। प्रकृति देवी-देवताओं और पूर्वज पुरखों को यह सब अर्पित कर आशीर्वाद मांगा जाता है।

पूजन के बाद दो पत्तलों को छोड़कर सात पत्तलों के भोजन को प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया जाता है। शेष दो पत्तलों और पूजन सामग्री को थाल में रखकर घर के मुख्य दरवाजे के सामने खड़े होकर छत पर छोड़ा जाता है और पानी भी छोड़ा जाता है। मान्यता है कि छत पर रखे इस भोजन को ग्रहण करने पुरखे कौए के रूप में आते हैं और आशीर्वाद देकर चले जाते हैं।

यह पर्व पोला-पिठोरा के दूसरे दिन से शरद पूर्णिमा तक सुविधानुसार मनाया जाता है। बुजुर्गों के अनुसार यह केवल नई फसल खाने की शुरुआत नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन है। इसमें यह समझ निहित है कि अन्न मनुष्य अकेले नहीं उगाता। इसमें मिट्टी, पानी, जैव-विविधता, बीज और सामूहिक श्रम की साझी भूमिका है। इसी ज्ञान से नई पीढ़ी अन्न का सम्मान, जंगल को जीवन का आधार समझना और प्रकृति के साथ संतुलन सीखना सीखती है।

सार-समाचार

अनफिट मालवाहक ने बैगा-बैगी चौक पर जाम लगाया, सवाल उठे फिटनेस जांच पर

मंडला, देशबन्धु। रविवार को शहर के मुख्य बैगा-बैगी चौक पर एक अनफिट मालवाहक वाहन खराब होने से कुछ देर के लिए भारी जाम की स्थिति बन गई। वाहन के खराब हो जाने से आसपास का यातायात पूरी तरह ठप हो गया। कुछ समय बाद स्थानीय लोगों के प्रयास से मालवाहक को चौराहे से हटाया जा सका। इस घटना ने एक बार फिर सड़कों पर अनफिट वाहनों के चलने का गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। मंडला जिले में ऐसे कई मामले सामने आते रहते हैं, जहां फिटनेस सर्टिफिकेट समाप्त या वाहन की यांत्रिक स्थिति खराब होने के बावजूद मालवाहक सड़कों पर दौड़ते दिखते हैं। बैगा-बैगी चौक जैसे व्यस्त चौराहे पर यह स्थिति आम नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बनी। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 56 के अनुसार सभी परिवहन वाहनों के लिए वैध फिटनेस सर्टिफिकेट अनिवार्य है। बिना फिटनेस के वाहन को वैध रूप से पंजीकृत नहीं माना जाता। धारा 192 के तहत बिना फिटनेस या पंजीकरण के वाहन चलाने पर मध्य प्रदेश में मध्यम और भारी वाहनों पर पहली बार 5 हजार रुपये तथा दोबारा पकड़े जाने पर 10 हजार रुपये तक जुर्माना का प्रावधान है। वाहन को जब्त भी किया जा सकता है। धारा 190(2) के तहत असुरक्षित हालत में वाहन चलाने पर भी कार्रवाई का नियम है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आरटीओ और यातायात पुलिस द्वारा नियमित चेकिंग न होने के कारण अनफिट वाहन आसानी से सड़कों पर आ जाते हैं। इससे न केवल जाम की समस्या बढ़ती है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है।

मंडला में टीईटी को लेकर शिक्षकों का सामूहिक उपवास, सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

मंडला, देशबन्धु। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर प्रदेश के शिक्षकों में बढ़ती नाराजगी के बीच आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने मंडला में जिला स्तरीय सामूहिक उपवास आयोजित किया। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल के आह्वान पर जिला अध्यक्ष संतोष सोनी के नेतृत्व में हजारों शिक्षकों ने मुख्यमंत्री (सीएम) के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।

संघ के जिला अध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया कि परीक्षा की एजेंसी और मोड बदलने के बावजूद शिक्षकों के बीच अपनी वरिष्ठता, वेतन, प्रथम नियुक्ति और सेवा निरंतरता को लेकर असमंजस बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से पहले नियुक्त शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति, वरिष्ठता, वेतन, पेंशन और अन्य सेवाकालीन लाभों पर टीईटी का कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा या नहीं, इसे विभाग को लिखित रूप से स्पष्ट करना चाहिए। साथ ही नियम 11(2) किन शिक्षकों और किन परिस्थितियों में लागू होगा, इस पर भी स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई। सोनी ने कहा कि 20-25 वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के लिए दोबारा टीईटी की अनिवार्यता पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए।

लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और सम्मान को ध्यान में रखते हुए समाधान निकाला जाए। ज्ञापन में अध्यापक शिक्षक संवर्ग की अन्य लंबित मांगों को भी प्रमुखता दी गई। इनमें प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाश नगदीकरण का लाभ, ई-अटेंडेंस व्यवस्था बंद करना तथा लंबित क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान के आदेश जारी करना शामिल है। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

महाराजपुर पुलिस ने 24 घंटे में नाव चालक की हत्या का खुलासा कर दो आरोपी गिरफ्तार किए

मंडला, देशबन्धु। थाना महाराजपुर पुलिस ने संगमघाट निवासी नाव चालक रज्जू नंदा की हत्या के मामले का 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन में की गई।

दिनांक 19 सितंबर 2026 को थाना महाराजपुर को सूचना मिली कि संगमघाट निवासी नाव चालक रज्जू नंदा पर प्राणघातक हमला हुआ है और उन्हें जिला अस्पताल मंडला ले जाया गया है। पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची। जांच में पता चला कि रज्जू नंदा के सिर, कान और नाक पर किसी ठोस वस्तु से गंभीर चोटें आई थीं, जिनके कारण उनकी मृत्यु हो गई।बूढ़ीमाई निवासी अंकित (पिता कोमल नंदा) की रिपोर्ट पर थाना महाराजपुर में नंदा नंदा और राजेश बैरागी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना

शुरू की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. जयसिंह यादव की टीम ने एसडीओपी मंडला पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में दोनों संदेहियों की तलाश शुरू की। पूछताछ में पुरानी रंजिश और पूर्व विवाद के चलते हत्या करने की बात सामने आई।

विवेचना के अनुसार, 18 सितंबर 2026 की रात दोनों आरोपियों ने संगमघाट के पास निर्माणाधीन नए पुल के नीचे पड़ी लोहे की रॉड उठाई और रज्जू नंदा की झोपड़ी में जाकर सो रहे रज्जू के सिर, मुंह और कान पर प्रहार किया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड और उनके द्वारा पहने गए कपड़े जब्त किए गए।

गिरफ्तार आरोपियो में आरोपी नंदा नंदा (उम्र 35 वर्ष, पिता खुज्जु नंदा) और राजेश बैरागी (उम्र 26 वर्ष, पिता राममिलन)। दोनों बूढ़ीमाई वार्ड, संगमघाट, महाराजपुर, जिला मंडला के निवासी हैं। दोनों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकरण के खुलासे में निरीक्षक डॉ. जयसिंह यादव के नेतृत्व में उप निरीक्षक रुपराम झारिया, भीमराव मेश्राम, नागेन्द्र पटेल सहित थाना स्टाफ और एसएसयू बल के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सेवा संकल्प अभियान के तहत मंडला में 'सपनो का भारत' विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

मंडला। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय, मंडला में 'सपनो का भारत' विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दोनों विधाओं में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने भाषणों और चित्रों के माध्यम से विकसित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत की कल्पना को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य कल्पना नामदेव, शिक्षाविद योगेश श्रीवास्तव और पर्यावरणविद राजेश क्षत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य को आकार देने में विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण की महत्वपूर्ण भूमिका है। छात्रों ने 'सपनो का भारत' विषय पर प्रभावशाली विचार रखते हुए विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगल ध्वजारोहण, धर्मध्वजा ने लहराया अहिंसा का संदेश

मंडला, देशबन्धु। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन समाज के लिए रविवार का दिन अत्यंत पुण्य एवं गौरवपूर्ण रहा। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के पावन शिखर पर मंगल ध्वजारोहण का अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर श्रीमती कमला बहन जी ने धर्मध्वजा फहराकर मंदिर को नई ऊर्जा और समाज को नई प्रेरणा प्रदान की।

ध्वजारोहण के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कमला बहन जी ने पूर्ण श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मंदिर के शिखर पर जैन धर्म की गौरव पताका फहराई। यह ध्वजा अहिंसा, सत्य, संयम और जैन परंपराओं के शाश्वत संदेश को आकाश में लहराने का माध्यम बनी। उपस्थित जनसमुदाय ने इस अवसर पर जयकारे लगाए और मंदिर व्यवस्था कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम का समर्थन किया। जैन परंपरा में ध्वजारोहण मात्र एक औपचारिकता नहीं, बल्कि धर्म की निरंतरता और समाज की एकता का प्रतीक माना जाता है। 1008 श्री शांतिनाथ भगवान (सोलहवें तीर्थंकर) की असीम कृपा से इस अनुष्ठान ने पूरे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। मंदिर व्यवस्था कमेटी ने कमला बहन जी एवं उनके समस्त परिवार को हार्दिक अभिनंदन देते हुए कामना की कि उनके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और धर्ममय मंगल सदैव बने रहें।

अंडर-14 स्टेट फुटबॉल चैंपियन मंडला टीम का हुआ जोरदार स्वागत

मंडला। मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला सीहोर में आयोजित अंडर-14 स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मंडला जिला फुटबॉल संघ की टीम ने फाइनल मुकाबले में भोपाल को 2-0 गोल से पराजित कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। चैंपियन बनकर मंडला लौटी टीम का रविवार को बस स्टैंड पर जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों के अभिभावकों ने जोरदार स्वागत किया।

CAVEAT NOTICE

Notice is hereby given to the General Public and all concerned that District Co-operative Central bank, Mandla Through its Chief Executive Officer Miss. Sakshi Pandram, D/o Shri Rajendra Pandram has lodged a caveat before the Hon'ble High Court at Jabalpur in respect of appointment of Clerk/Computer Operator for the period of one year probation under the terms and conditions mentioned in the order dated 14.09.26.

It is hereby notified that in the event of any application, petition, Appeal or other proceedings being filed before the Hon'ble Court in respect of the aforesaid subject matter, no order may be passed without notice to and opportunity of hearing being given to the caveator/ caveator's counsel. The concerned person(s) are therefore requested to take notice accordingly.

Caveator	Through Counsel
Miss Sakhshi Pandram	Adv. Ved Prakash Nema
Add. CEO, District Co-operative Central Bank, Mandla.	Add. 329, Shukla Nagar Jabalpur,(M.P.)
Mob. 8269721796	Mob. 9098641145

छात्राओं को स्वरोजगार व सरकारी ऋण योजनाओं की दी जानकारी

गर्ल्स कॉलेज में उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित

मंडला, देशबन्धु। युवाओं में स्वरोजगार, स्वावलंबन और स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को शासकीय जग. मु. चौ. महिला स्नातक महाविद्यालय में उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

वक्ताओं ने छात्राओं को नौकरी की तलाश के साथ-साथ स्वयं रोजगार के अवसर तलाशने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उद्यमिता केवल बड़े निवेश या बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं है। कम लागत और छोटे स्तर पर भी व्यापार शुरू कर आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। अपनी रुचि, कौशल और स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर छात्राएं स्वरोजगार के विभिन्न विकल्प चुन सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान बैंकिंग सुविधाओं, व्यापार के लिए ऋण प्राप्ति की प्रक्रिया तथा सरकारी योजनाओं के माध्यम से व्यवसाय बढ़ाने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि उचित योजना, मेहनत और वित्तीय अनुशासन के साथ सरकारी ऋण योजनाओं का लाभ लेकर छोटे व्यवसाय को भी विस्तार दिया जा सकता है। इसके लिए व्यवसाय की जरूरत, लागत, बाजार और ऋण चुकाने की क्षमता को समझना आवश्यक है।

स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। छात्राओं से कहा गया कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं का चयन करते समय गुणवत्ता, उपयोगिता और देश में निर्मित होने के पहलू पर ध्यान दें। स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने से स्थानीय उत्पादकों, कारीगरों और छोटे व्यापारियों को बाजार मिलता है। डिजिटल माध्यमों और इंटरनेट के जरिए उत्पादों, उनके निर्माण व गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त करने के लिए भी छात्राओं को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में इस बात पर विशेष बल दिया गया।

'सपनों का भारत' पर विद्यार्थियों ने व्यक्त की अपनी कल्पनाएँ

मंडला। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, मंडला में 'सपनों का भारत' विषय पर भाषण, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए।